ओ कान्हा आ जाओ

तर्ज __ अगर तुम मिल जाओ जमाना छोड देंगे हम

ओ कान्हा आ जाओ , दरश तेरा करेंगे हम
ओ कान्हा आ जाओ ,दरश तेरा करेंगे हम
दरश पाकर तेरा कान्हा , सफल जीवन करेंगे हम
ओ कान्हा आ जाओ दरश तेरा करेंगे हम

बिना तेरे मेरे कान्हा ,कि अब हम जी न पायेंगे
लगन तुमसे लगा बैठे ,कहो कैसे भूलायेंगे
लगन तेरी न हो दिल में _ओ
लगन तेरी न हो दिल में , तो जीना छोड देंगे हम
ओ कान्हा आ जाओ दरश तेरा करेंगे हम

तुम्हे हम अपने मन मंदिर में ,कुछ ऐसे बसा लेंगे
प्रेम तुमसे ही करते हैं ये ,दुनिया को बता देंगे
कान्हा मेरे कान्हा _ ओ ---------------
कान्हा मेरे कान्हा ,तुझे न भूल सकेंगे हम
ओ कान्हा आ जाओ दरश तेरा करेंगे हम

तुम्हीं हो श्रष्टि के पालक ,तुम्हीं बंशी बजैया हो
नन्द बाबा के प्यारे हो ,मां यशोदा के छैया हो
कहें नेम चन्द भईया _ ओ ---------------
कहें नेम चन्द भईया ,तेरा सुमिरन करेंगे हम
ओ कान्हा आ जाओ दरश तेरा करेंगे हम

जय श्री कृष्णा
राधे राधे जी
नेम चन्द प्रजापति जी(दिवना) 6397647998

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14907/title/o-kanhiya-aa-jaao

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |